भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4036
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

लाइसेंसधारक एनजीएसओ उपग्रह संचालकों हेतु लंबित स्पेक्ट्रम सौंपना

4036. डॉ. शशि थरूर:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने एनजीएसओ उपग्रह प्रणालियों का संचालन करने वाले उपग्रह द्वारा वैश्विक मोबाइल व्यक्तिगत संचार (जीएमपीसीएस) सेवा हेतु लाइसेंसधारकों को स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक तौर पर सौंपने पर कोई निर्णय लिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ख) क्या सरकार ने उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक तौर पर सौंपने पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है, उनमें संशोधन किया है या उन पर पुनर्विचार की मांग की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी सिफारिश-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) आज की तिथि के अनुसार, स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक तौर पर सौंपने की प्रतीक्षा कर रहे जीएमपीसीएस लाइसेंस धारकों की संख्या कितनी है और सरकार द्वारा ऐसे आवंटनों को संचालन में लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) दूरसंचार अधिनियम, 2023 की पहली अनुसूची में सूचीबद्ध कतिपय सेवाओं के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया के माध्यम से स्पेक्ट्रम के आवंटन का प्रावधान है, जिसमें सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन (जीएमपीसीएस) शामिल है।

(ख) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण संबंधी सिफारिशों और सैटेलाइट आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाओं के लिए संबद्ध निबंधन और शर्तों

पर विचार करने के बाद, सरकार ने कतिपय सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था और शेष सिफारिशों को वापस ट्राई को भेज दिया था। इसके बाद, ट्राई ने 8.12.2025 को अपना जवाब दिया। ट्राई को वापस भेजी गई सिफारिशों का ब्यौरा ट्राई के 8.12.2025 के जवाब में दिया गया है जो https://trai.gov.in/release-publication/recommendation. पर उपलब्ध है।

(ग) जीएमपीसीएस सेवा प्राधिकार के साथ एकीकृत लाइसेंसधारक तीन लाइसेंसधारियों ने तकनीकी और सुरक्षा शर्तों के अनुपालन के प्रदर्शन के लिए अस्थायी स्पेक्ट्रम आवंटन करने के लिए आवेदन किया था। इन लाइसेंसधारियों को अस्थायी स्पेक्ट्रम आबंटित कर दिया गया है।

*****